भारत सरकार

मत्स्यपालन,पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2025

दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 **के लिए प्रश्न**

एंटीबायोटिक दवाओं का बढ़ता उपयोग

2025. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:

श्री आर.गिरिराजन:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पोल्ट्री उत्पादों की मांग में वृद्धि से खाद्य उत्पादों में एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग में तेजी से वृद्धि होगी;

(ख) यदि हां, तो भारत में पोल्ट्री फार्मों में एंटीबायोटिक दवाओं के बड़े पैमाने पर हो रहे उपयोग को नियंत्रित करने के लिए पोल्ट्री उत्पादकों द्वारा कठोर कार्रवाई करने और सरकारी विनियमों को लागू करने को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों/प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख) विभाग के पास पोल्ट्री उत्पादों की मांग में वृद्धि से खाद्य उत्पादन में एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग में तेजी से वृद्धि संबंधी ऐसा कोई डेटा/साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। हालांकि, पशुपालन और डेयरी विभाग ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्य उत्पादक पशुओं के उपचार में एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग, पशु आहार में विकास संवर्धक के रूप में एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को रोकने और सामान्य जागरूकता हेतु परामर्शी जारी की है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

****